भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.11.2025

आरेडिका में सर्तकता बुलेटिन का विमोचन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 27.10.2025 से 02.11.2025 तक आयोजित किया गया। महाप्रबंधक सभागार में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सतर्कता बुलेटिन के दसवें संस्करण का विमोचन किया एवं सतर्कता विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 के दौरान किए गये क्रियाकलापों का सारांश प्रस्तुत किया। मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद ने प्रजेण्टेशन के माध्यम से सतर्कता के संबंध में जानकारी दी। सतर्कता बुलेटिन में आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने लेखों, कार्टूनों, प्रकरण अध्ययनों तथा कविताओं के माध्यम से लोंगों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया है।

सर्तकता बुलेटिन के विमोचन के अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह– 2025 के तहत ग्राहक/ठेकेदारों शिकायत निवारण शिविर आदि पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक एवं मुख्य वक्ता, एस. के. झा, मुख्य सामग्री प्रबन्धक ने ग्राहक/ठेकेदार शिकायत निवारण से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर मे उपस्थित विक्रेताओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपनी–अपनी शिकायतों के बारे में बताया, जिन पर संबंधित विभाग के द्वारा नोट कर उचित निवारण करने का आश्वासन दिया गया।

इसी अवसर पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मे "सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी " विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमे आरेडिका परिसर के निवासियों ने काफी संख्या मे उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया जो अत्यधिक प्रेरणादायक रहा।

02/11/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी